श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव : महापौर कुसुम यादव ने देखी गोविंद देव जी मंदिर में सफाई व्यवस्था

जयपुर। नगर निगम हेरिटेज जयपुर महापौर कुसुम यादव ने मंगलवार को मंदिर श्री गोविंद देव जी में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर कुसुम यादव ने मंदिर के आस पास सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, ओपन कचरा डिपो को खत्म करने , पेड़ो की कटाई - छंटाई करने और लाइट व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम महापौर कुसुम यादव ने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आने वाला है। शहर के आराध्य देव श्री गोविंद देव जी मंदिर में लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते है। ऐसे में हेरिटेज निगम प्रशासन की ओर से विशेष सफाई व्यवस्था की जाएगी। महापौर कुसुम यादव ने बताया कि निरीक्षण के दौरान निगम अधिकारियों को सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा जय निवास उद्यान में गार्डेनिंग कार्य करने, लाइट व्यवस्था, सीवर लाइन जैसे कार्यों को समय पहले ही चेक करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जयपुर शहर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शोभायात्रा भी निकाली जाती है। ऐसे में अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे एक बार पूरे शोभायात्रा रूट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को पुख्ता कर लें। इस दौरान उद्यान शाखा समिति चेयरमैन पूनम शर्मा, निगम सतर्कता उपायुक्त पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, उपायुक्त स्वास्थ्य देवानंद शर्मा, उपायुक्त उद्यान मोनिका सोनी, हवामहल जोन उपायुक्त सीमा चौधरी, गैराज शाखा अधीक्षण अभियंता बलराम मीणा, लाइट शाखा अधीक्षण अभियंता रूपाराम, सहायक अभियंता दिलीप मीणा, उद्यान अधीक्षक छाजूराम सहित अन्य निगम अधिकारी मौजूद रहे।

गेट नं.

गेट नं

गेट नं.

।